iDEX और डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज

रक्षा उत्पादन विभाग की प्रमुख पहल इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX) ने अपने **150वें अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के साथ एक महान उपलब्धि हासिल कर ली है।**

- यह अनुबंध **डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (DISC 7) स्प्रिंट** संस्करण की एक भारतीय नौसेना परियोजना से संबंधित है।

इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX):

- **परिचय:**
  - **iDEX, वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था,** यह एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है जो भारतीय सेना के आधुनिकीकरण एवं तकनीकी रूप से उन्नत समाधान प्रदान करने हेतु नए अन्वेषक और उद्यमियों को शामिल करके रक्षा व एयरोस्पेस में नवाचार तथा प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देगा।
  - यह अनुसंधान और विकास के लिये **सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग (Micro Small and Medium Enterprises-MSMEs)**, स्टार्ट-अप, व्यक्तिगत नवप्रवर्तनकर्त्ताओं, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों व शिक्षाविदों को अनुदान प्रदान करता है।
  - 'iDEX प्राइम' का लक्ष्य रक्षा क्षेत्र में लगातार बढ़ते स्टार्ट-अप की मदद के लिये **1.5 करोड़ रुपए से लेकर 10 करोड़ रुपए तक की आवश्यकता वाली परियोजनाओं को वित्तपोषित करना** है।
  - iDEX पोर्टल को व्यापक प्रचार और बेहतर दृश्य क्षेत्र प्रदान करने एवं **iDEX गतिविधियों के बेहतर सूचना प्रबंधन के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों से अधिक कुशल** तरीके निपटने के लिये लॉन्च किया गया है।
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - **स्वदेशीकरण:** नई, स्वदेशी और नवीन प्रौद्योगिकी का तीव्र विकास।
  - **नवाचार:** सह-निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिये उन्नत स्टार्ट-अप संस्कृति का निर्माण करना।
- **वित्तीयन:**
  - **iDEX को "रक्षा नवाचार संगठन (Defence Innovation Organisation- DIO)" द्वारा वित्तपोषित और प्रबंधित किया जाता है।**
- **उपलब्धि:**
  - iDEX को वर्ष 2021 के लिये नवाचार श्रेणी में सार्वजनिक नीति हेतु **प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है।

रक्षा नवाचार संगठन (DIO):

- **DIO कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत गठित एक गैर-लाभकारी संगठन है।**
- यह **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)** द्वारा वित्तपोषित है।
- **यह iDEX को उच्च स्तरीय नीति मार्गदर्शन प्रदान करता है।**

डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (DISC):

- इसका उद्देश्य राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा (National Defence and Security) के क्षेत्र में उत्पादों के प्रोटोटाइप/व्यावसायिक उत्पादों का निर्माण करने हेतु स्टार्ट-अप/MSMEs/इनोवेटर्स का समर्थन करना है।
- पहला **डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (DISC)** 4 अगस्त, 2018 को बंगलूरू में लॉन्च किया गया था।
- इसे रक्षा मंत्रालय द्वारा अटल इनोवेशन मिशन (Atal Innovation Mission) के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया था।
  - **अटल इनोवेशन मिशन** (AIM) देश में **नवाचार** की **संस्कृति को** बढ़ावा देने तथा उद्यमशीलता से संबंधित इकोसिस्टम विकसित करने संबंधी भारत सरकार की प्रमुख पहल है।
- कार्यक्रम के अंतर्गत स्टार्ट-अप, **भारतीय कंपनियाँ और व्यक्तिगत नवप्रवर्तनकर्त्ता (अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों सहित)** भाग ले सकते हैं।

- DISC 7 को स्टार्ट-अप्स और इनोवेटर्स द्वारा समाधान के लिये भारतीय नौसेना के**69 प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स (PS) के साथ लॉन्च किया गया है।**

स्वदेशीकरण से संबंधित सरकार की पहलें:

- प्रथम नकारात्मक स्वदेशीकरण
- सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची
- रक्षा क्षेत्र में नई एफडीआई नीति
- रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020
- रक्षा औद्योगिक गलियारे

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. अटल इनोवेशन मिशन किसके अंतर्गत स्थापित किया गया है? (2019)

(a) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
(b) श्रम और रोज़गार मंत्रालय
(c) नीति आयोग
(d) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

उत्तर: c

व्याख्या:

- अटल नवाचार मिशन (AIM) देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार द्वारा की गई एक प्रमुख पहल है।
- अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु नए कार्यक्रम और नीतियाँ विकसित करना, विभिन्न हितधारकों के लिये मंच एवं सहयोग के अवसर प्रदान करना, जागरूकता पैदा करना तथा देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की निगरानी हेतु एक अम्ब्रेला संरचना (Umbrella Structure) निर्मित करना।

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है.

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/idex-and-defence-india-start-up-challenge-1